## खबर कोना

### डीयू : सेंट स्टीफंस कालेज में भर्ती नियमों के उल्लंघन की जांच के आदेश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 अप्रैल।

दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक बुधवार को कुलपति योगेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सेंट स्टीफंस कालेज में विभिन्न विषयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती प्रक्रिया में कथित मानदंड उल्लंघन के मामले पर गंभीर चर्चा हुई। कुलपति ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच समिति गठित करने का सुझाव दिया, जिसे ईसी ने मंजूरी दे दी। अब यह समिति भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा कर अपनी रपट प्रस्तुत करेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जिन पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह गई हैं या जिन संयोजनों के लिए कम प्राथमिकताएं मिली हैं, उन पर कालेज स्तर पर पुनर्विचार किया जा सकता है, ताकि सीटों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा ईसी ने मौरिस नगर स्थित इंस्टीट्यूट आफ नैनो मेडिकल साइंसेज के लिए 174.20 करोड़ रुपए की लागत से भवन निर्माण को भी मंजूरी दी है। यह परियोजना विश्वविद्यालय के अनुसंधान और तकनीकी विकास को मजबूत करेगी।

### इमारत की छत से गिरने से एमसीडी के सफाई निरीक्षक की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 अप्रैल।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में बुधवार दोपहर एक इमारत की छत से कथित तौर पर गिरने के बाद 58 वर्षीय एमसीडी कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना अपराह्न करीब 3:07 बजे वेलकम थाने को दी गई, जिसके बाद पुलिस की एक टीम केशव चौक के पास घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने पर एमसीडी कर्मी राजकुमार गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। अधिकारी ने बताया कि वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सहायक स्वच्छता निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि राजकुमार को तत्काल जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि राजकुमार एमसीडी भवन की छत से गिर गया था। पुलिस इस मामले की हर संभव पहलू से जांच कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या यह दुर्घटना थी या इसमें कोई अन्य कारण शामिल थे।

### दिल्ली नगर निगम में भाजपा का कब्जा

# प्रवेश वाही बने नए महापौर, मोनिका पंत बनीं उपमहापौर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 अप्रैल।

रोहिणी पूर्व से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षद प्रवेश वाही बुधवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नए महापौर चुने गए। महापौर चुनाव में वाही को 156 वोट मिले, जिनमें इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के 14 पार्षदों के वोट भी शामिल हैं।

वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार हाजी जरफ को नौ वोट हासिल हुए। इसके अलावा, आनंद विहार से भाजपा पार्षद मोनिका पंत निगम की उपमहापौर चुनी गईं। उन्हें कुल 156 वोट मिले। बेगमपुर के भाजपा पार्षद जय भगवान यादव, पहाड़गंज से भाजपा पार्षद मनीष चड्ढा और शालीमार बाग से आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद जलज चौधरी एमसीडी की स्थायी समिति के सदस्य चुने गए।

> **आम** आदमी पार्टी ने चुनाव से बनाई दूरी, तीन स्थायी समिति के सदस्य चुने गए।

दरअसल, आम आदमी पार्टी ने इस बार महापौर और उपमहापौर के चुनाव में नहीं भाग लेने का निर्णय लिया था। हालांकि, कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। पर संख्या बल इस बार भी भाजपा के पास था। महापौर चुने जाने पर प्रवेश वाही ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में दिल्ली को साफ करेंगे। दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगे। इस साल के महापौर चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कुल 273 वोट थे, जिनमें 249 पार्षद, दिल्ली विधानसभा के मनोनीत 14 विधायक, सात लोकसभा सदस्य और तीन राज्यसभा सदस्य शामिल हैं। जीत के लिए उम्मीदवार को 137 वोट की जरूरत थी। प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली में कोने-कोने से कूड़े को साफ किया जाएगा और तीनों के कूड़े के पहाड़ को जल्दी ही हटा दिया जाएगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि दिल्ली को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में दसवें स्थान पर लाने के लिए प्रयास किए जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्दी ही दिल्ली की स्वच्छता सुधार के लिए 50 करोड़ रुपए की लागत से नई मशीनें खरीदी जाएंगी। प्रवेश वाही महापौर एवं मोनिका पंत उप महापौर निर्वाचित होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया एवं कमलजीत सहरावत ने उनका स्वागत किया। सचदेवा निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पहुंचे और उन्होंने नवनिर्वाचित महापौर, उप महापौर, नेता सदन एवं स्थाई समिति सदस्यों को जीत की बधाई दी और कहा कि भाजपा के प्रति लोगों ने जो भरोसा जताया है। उस पर खरा उतारना है।



### आप ने स्थायी समिति में जीत दर्ज की

स्थायी समिति सदस्य चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार पार्षद जलज कुमार चौधरी ने जीत दर्ज की। निगम के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने उन्हें बधाई दी। नारंग ने कहा कि केंद्र, दिल्ली, एमसीडी में भाजपा की सरकार हैं। भाजपा नेताओं ने जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए। लेकिन आज जनता इतनी मासूम है कि वह इनके झूठे सपनों के कारण खुद को छला महसूस कर रही है। भाजपा नेताओं ने कहा था कि हर महीने महिलाओं के खाते में 2500 रुपए आएंगे, लेकिन वे आज तक नहीं आए।

### आरएसएस कार्यकर्ता से लेकर महापौर की कुर्सी तक का सफर

तीन बार के पार्षद प्रवेश वाही ने कहा कि जब वह 10 साल का थे, तब आरएसएस से जुड़ा गए थे। बाद में उन्होंने 1990 के दशक के अंत तक विश्व हिंदू परिषद (विहिप) में अपनी सेवा दी। वाही ने कहा कि वह औपचारिक रूप से 2002 में भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में आने से पहले मैं पार्टी में संगठनात्मक भूमिकाएं निभाते हुए आगे बढ़ा। वाही पहली बार 2007 में पार्षद चुने गए थे और तब से उन्होंने कई रोहिणी जोनल कमेटी के अध्यक्ष और बाद में पिछले उत्तर दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष समेत निगम में अपने विभिन्न कार्यकाल में कई जिम्मेदारियां निभाई। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार 2007 में रोहिणी से पार्षद चुना गया था। फिर मैं नाहरपुर से पार्षद बना और मैंने 2012 से 2017 तक दूसरा कार्यकाल पूरा किया।

# किरायेदार की गला रेतकर हत्या, आरोपी का थाने में आत्मसमर्पण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 अप्रैल।

दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में एक व्यक्ति ने पत्नी से विवाहेतर संबंध के शक में अपने किरायेदार की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने शालीमार बाग थाने पहुंचकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। मृतक की पहचान 29 वर्षीय कन्हैया के तौर पर की गई। पुलिस ने आरोपी 35 वर्षीय वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखा दिया है।

उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बुधवार को बताया कि मंगलवार शाम करीब 4:20 बजे इंदिरा कालोनी के रहने वाले वीरेंद्र शालीमार बाग थाने पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि घर के अंदर उसने अपने किराएदार कन्हैया की हत्या कर दी है। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। पुलिस उसे लेकर वारदात स्थल पर गई। मौके पर पहुंची पुलिस को झुग्गी नंबर टी-210 के अंदर एक युवक बिस्तर पर पड़ा मिला। उसका गला रेता हुआ था और शरीर पर चाकू से वार के कई निशान थे। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हथियार और आरोपी के खून से सने पकड़े बरामद किए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि कन्हैया और उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध का शक था, जिसके कारण उसने कन्हैया हत्या कर दी। बाद में मौके पर पहुंची क्राइम व एफएसएल की टीम ने निरीक्षण के बाद साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तीन बेटियां व एक बेटा है और वह मंडी में काम करता है।

> **आरोपी** को कन्हैया और उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध का शक था।
>
> **पुलिस** ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हथियार और खून से सने पकड़े बरामद किए।
>
> **क्राइम** व एफएसएल की टीम ने निरीक्षण के बाद साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### खराब मौसम से प्रभावित गेहूं की खरीद नियमों में सरकार देगी छूट

# टूटे दानों की खरीद सीमा 15 फीसद तक बढ़ी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 अप्रैल।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष प्रतिकूल मौसम के कारण गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों की परेशानी कम करने और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर अपनी उपज बेचने से बचाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने ठोस पहल की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से 21 अप्रैल को केंद्र सरकार को भेजे गए अनुरोध पर विचार करते हुए, रबी मार्केटिंग सीजन (आरएमएस) 2026-27 के लिए पूरी दिल्ली के सभी जिलों में गेहूं खरीद के गुणवत्ता मानकों में विशेष छूट को मंजूरी दी गई है, जो इस सीजन की शुरुआत से ही लागू होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संशोधित व्यवस्था के तहत अब गेहूं में चमक की कमी (लस्टर लास) को 70 फीसद तक स्वीकार किया जाएगा। साथ ही, सिकुड़े और टूटे दानों की सीमा को पहले के छह फीसद से बढ़ाकर 15 फीसद तक कर दिया गया है ताकि मौसम से प्रभावित फसल भी खरीद के दायरे में आ सके। रेखा गुप्ता ने कहा कि छूट के तहत खरीदा गया गेहूं अलग तरीके से संभाला जाएगा। इस गेहूं को सामान्य भंडारण से अलग रखकर उसका अलग भंडारण किया जाएगा और उसका पूरा हिसाब-किताब अलग से रखा जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह के गेहूं को प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले इस्तेमाल किया जाएगा, यानी इसे देर तक भंडारण नहीं रखा जाएगा।

### तेरह जिलों में नई गौशालाओं के लिए जमीन चिन्हित : रेखा गुप्ता

दिल्ली सरकार ने सभी 13 जिलों में नई गौशालाएं खोलने के लिए जमीन चिन्हित कर ली है। सरकार नई गौशालाओं को बायोगैस से लेकर सोलर संयंत्र और पशु चिकित्सा सुविधाओं से युक्त तैयार करने की योजना पर काम कर रही है। साथ ही भविष्य में गौशालाओं को दिल्ली के रिज और वन क्षेत्रों से जोड़ने की वैज्ञानिक योजना पर भी काम किया जा रहा है । यह बातें बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किशनगंज स्थित दिल्ली पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित गौशाला परिसर में नवनिर्मित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान कही।

### लाटरी प्रणाली से 87 जीएसटी अधिकारियों की तैनाती

व्यापार और कर विभाग ने पहली बार नए आए जीएसटी अधिकारियों और निरीक्षकों को उनकी नियुक्ति लाटरी प्रणाली से दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी अधिकारी 23 अप्रैल के सेवाएं विभाग के आदेश के तहत विभाग में स्थानांतरित होकर आए थे और कुल 87 जीएसटी अधिकारी एवं निरीक्षकों को इस प्रक्रिया के तहत विभिन्न वार्डों में नियुक्ति दी गई है। रेखा गुप्ता ने बताया कि नियुक्ति प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष रूप से लाटरी प्रणाली अपनाई गई, जिसमें प्रत्येक अधिकारी ने स्वयं पर्ची निकाली।

Om Shanti Shanti Shanti
भावपूर्ण श्रद्धांजली
With profound grief and sorrow we regret to inform the sudden demise of our beloved



Shri Ajay Goyal
(H/o. Smt Abha Goyal)
30 Aug 1959- 19 Apr 2026
We humbly request your presence at the
Shardhanjali
On Thursday, 30th April 2026
The Heritage Grand
B-12 B Block Britannia Chowk, Delhi - 110035
Bhog Prasad - 1:00 PM | Bhajan- 3:00 PM | Rasam Pagdi- 4:00 PM
In Deep Grief
Entire Goyal Family & Aero Group
ABS AERO BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD. | Aero Plast Packaging Solution (P) Ltd. | AeroPlast Ltd. COMPLETE PACKAGING SOLUTION | PACTAP SIMPLIFYING PACKAGING | Aero Films Ltd. CI Flexo Printers | AERO Aero Packaging India Pvt. Ltd.
Regd. Office: A-10, Mangolpuri Industrial Area, Phase -II, Delhi-110034
www.aeroplastltd.com

# ई-रिक्शा संचालन को नई नीति तैयार : पंकज सिंह

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 अप्रैल।

दिल्ली सरकार की ओर से ई-रिक्शा को लेकर एक नीति तैयार की गई है जिसको जल्द ही लागू किया जाएगा। नई नीति लाने का खास मकसद ई रिक्शा के संचालन को ज्यादा सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आर्थिक रूप से व्यवहारिक बनाना है।



साथ ही सभी चालकों के पंजीकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है, ताकि वे भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस बात की जानकारी परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को तालकटोरा स्टेडियम में मसविदा दिल्ली ईवी नीति 2026 पर हितधारक परामर्श सम्मेलन में दी। इस अवसर पर परिवहन सचिव-सह-आयुक्त निहारिका राय, विशेष आयुक्त परिवहन विश्वेंद्र और अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पांच सत्रों में आयोजित परामर्श सम्मेलन में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम से जुड़े प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य उद्योग जगत से मिले सुझावों और अनुशंसाओं के आधार पर ईवी नीति को और अधिक सशक्त, मजबूत और व्यवहारिक बनाना है। इसमें ओला समूह, उबर, रैपिडो, पोर्टर जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स और लाजिस्टिक्स प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जोमैटो, ब्लिंकिट, स्विगी और फ्लिपकार्ट के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

### अब ई-रिक्शा का सामूहिक पंजीकरण नहीं

दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने 21 अप्रैल 2022 के अपने पुराने आदेश को वापस लेते हुए ई-रिक्शा पंजीकरण नीति में बड़ा बदलाव किया है। नए निर्णय के तहत अब कोई भी फर्म या कंपनी अपने नाम पर एक से अधिक ई-रिक्शा या ई-कार्ट का पंजीकरण नहीं करा सकेगी। यह निर्णय केवल लिथियम-आयन बैटरी आधारित ई-रिक्शा माडल्स पर लागू होगा, जिनका उपयोग बड़े पैमाने पर शहर में सार्वजनिक और छोटे परिवहन के रूप में किया जाता है। मंत्री पंकज कुमार सिंह ने बताया कि संशोधित नीति का उद्देश्य ई-रिक्शा पंजीकरण का लाभ अधिक से अधिक व्यक्तिगत चालकों तक पहुंचाना है, न कि इसे कुछ कंपनियों के नियंत्रण में केंद्रित होने देना।

Gautam Buddha University
((Established by UP Act No. 9 of 2002)
Greater Noida, Gautam Budh Nagar -201312 (U.P.)
Tender Notice No. GBU/S&P/01/2026 30.04.2026
GEM BID NOTICE
The University invites bid from the reputed firms for the Supply, Installation, Testing, Commissioning of Data Center items through GeM custom bid number GEM/2025/B/7407853 dated 28.04.2026. The detailed information related to bid is available on GeM portal https://gem.gov.in
For any changes, rectification, dates of extension and additional information etc., please visit above mentioned website.
Registrar

गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण
(ISO 9001:2015 एवं ISO 14001:2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ, गाज़ियाबाद
पत्रांक 105/उद्यान/26 दिनांक: 29.04.2026
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु ई-निविदाएँ दिनांक 02.05.2026 से आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व नियम/शर्तें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वैबसाईट www.gdaghaziabad.in पर उपलब्ध हैं एवं UPLC की वैबसाईट https://etender.up.nic.in पर निविदा विक्रय की तिथि उपलब्ध होगी। सम्बन्धित निविदाओं को ई-निविदा आमन्त्रण सूचना में उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा में कोई भी संशोधन / परिमार्जन / परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाओं को प्राधिकरण की वैबसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।
प्रभारी उद्यान
ई-मेल: helplinegda@gmail.com, f : @gdagzb, t : @gdagzb
हैल्पलाईन: 0120-3342433/व्हाट्सैप नं: 9818988807, वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर........ हमारा संकल्प

## नियुक्तियां

आईआईएम मुंबई
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
IIM MUMBAI
आज़ादी का अमृत महोत्सव
विकसित भारत @2047
वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रारंभ
डिजिटल विज्ञान एवं व्यवसाय प्रबंधन में विज्ञान स्नातक (बीएस)
स्नातक कार्यक्रम
चार वर्षीय (बीएस) कार्यक्रम
शैक्षिक वर्ष 2026-2030
अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें:
iimmumbai.ac.in/admissions
ईमेल : ug-admissions@iimmumbai.ac.in